भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 338

उत्तर देने की तारीख 02.02.2026

तमिलनाडु में पुस्तकालयों और आधुनिक शिक्षण संसाधन केंद्रों की स्थापना

338. श्री जी. सेल्वम :

श्री नवसकनी के. :

श्री सी. एन. अन्नादुरई :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान देश भर में विशेषकर तमिलनाडु में स्थापित किए गए नए सार्वजनिक पुस्तकालयों, सामुदायिक पुस्तकालयों और ज्ञान संसाधन केन्द्रों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को केंद्रीय सहायता के तहत नए पुस्तकालयों या आधुनिक शिक्षण संसाधन केंद्रों की स्थापना के लिए तमिलनाडु से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) 2019 से 2024 के दौरान तमिलनाडु में हाई-स्पीड इंटरनेट, ई-लर्निंग मॉड्यूल, डिजिटल कैटलॉगिंग सिस्टम और ऑनलाइन संसाधन पहुंच जैसे डिजिटल बुनियादी ढांचे सहित उन्नयन किए गए पुस्तकालयों की संख्या का ब्यौरा क्या है;

(ड.) क्या सरकार तमिलनाडु में डिजिटल साक्षरता, ई-गवर्नेंस जागरूकता और ऑनलाइन शैक्षिक संसाधनों तक पहुंच को बढ़ावा देने के लिए पुस्तकालयों के माध्यम से कोई पहल लागू कर रही है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री

(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): भारत के संविधान के अनुच्छेद 246 के अनुसार 'पुस्तकालय' सातवीं अनुसूची में राज्य विषय के अंतर्गत आता है और सार्वजनिक पुस्तकालय संबंधित राज्य या संघ राज्य क्षेत्र प्राधिकरण के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्य करते हैं। नए पुस्तकालय खोलना संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत है।

(घ): संस्कृति मंत्रालय द्वारा पूर्णत: वित्तपोषित स्वायत्त संगठन, राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान (आरआरआरएलएफ) द्वारा तमिलनाडु राज्य पुस्तकालय प्राधिकरण से प्राप्त अनुशंसित आवेदन के आधार पर विभिन्न अनुमोदित स्कीमों के माध्यम से तमिलनाडु में मौजूदा सार्वजनिक पुस्तकालयों के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी।

तमिलनाडु में 2019-20 से 2023-24 के दौरान विभिन्न आरआरआरएलएफ स्कीमों के तहत जारी की गई वित्तीय सहायता और सहायता प्रदत्त पुस्तकालयों की संख्या का विवरण **अनुलग्नक-I** पर दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, संस्कृति मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) स्कीम कार्यान्वित की जाती है, जिसके अंतर्गत "एनएमएल मॉडल पुस्तकालय के अंतर्गत मौजूदा पुस्तकालयों का स्तरोन्नयन" घटक के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। मंत्रालय द्वारा पहचान किए गए छह पुस्तकालयों के अतिरिक्त, संबंधित राज्य प्राधिकरणों की अनुशंसा के आधार पर और राज्य निधियों की उपलब्धता के अध्यधीन, प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में एक राज्य केंद्रीय पुस्तकालय और एक जिला पुस्तकालय को सहायता प्रदान की जाती है। यह घटक चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है: अवसंरचना में सुधार, प्रौद्योगिकी का स्तरोन्नयन और सेवाओं का आधुनिकीकरण, दिव्यांगजन के लिए सुविधाओं का सृजन और समर्थन तथा आउटरीच कार्यक्रमों के साथ-साथ स्थानीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पठन संसाधनों का प्रापण।

तमिलनाडु सरकार को जिला पुस्तकालय, वेल्लोर और जिला पुस्तकालय, तिरुचिरापल्ली के स्तरोन्नयन के लिए वित्तीय सहायता संस्वीकृत की गई थी जिसका विवरण निम्नलिखित है:

(लाख रुपए में)

पुस्तकालय का नाम	संस्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
जिला पुस्तकालय, वेल्लोर	87.00	79.27
जिला पुस्तकालय, तिरुचिरापल्ली	70.00	68.16

(ड.) और (च): आरआरआरएलएफ अपनी समतुल्य और गैर-समतुल्य अनुदान स्कीमों के अंतर्गत सार्वजनिक पुस्तकालयों को कम्प्यूटर और संबंधित सहायक उपस्करों, पुस्तकालय स्वचालन सॉफ्टवेयर, स्कैनर, नेटवर्किंग सुविधाओं, वाई-फाई और अन्य सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) अवसंरचना के प्रापण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। ये पहलें सार्वजनिक पुस्तकालयों का डिजिटल सेवायुक्त पुस्तकालयों में परिवर्तन को सुविधाजनक बनाती हैं और उन्हें ऑनलाइन सूचना संसाधनों तक पहुंच उपलब्ध कराने में

सक्षम बनाती हैं जिससे जनता के बीच डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने में योगदान मिलता है।

इसके अतिरिक्त, आरआरआरएलएफ अपनी 'संगोष्ठी स्कीम' के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में पुस्तकालय व्यावसायिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, कार्यशालाएं और संगोष्ठियां आयोजित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इन क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का उद्देश्य आधुनिक पुस्तकालय तकनीकों, सूचना प्रणालियों और डिजिटल साधनों के उपयोग में पुस्तकालय स्टाफ के कौशल को संवर्धित करना है जिससे वे ई-संसाधनों और ऑनलाइन सेवाओं तक पहुंच कायम करने में उपयोगकर्ताओं की सहायता कर सकें।

****

अनुलग्नक-I

तमिलनाडु में पुस्तकालयों और आधुनिक शिक्षण संसाधन केंद्रों की स्थापना' के संबंध में दिनांक 02 फरवरी, 2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 338 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

(राशि रुपए में)

वर्ष	**स्कीम**	**सहायता राशि**	**पुस्तकालय लाभार्थियों की सं.**
2019-20	राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी, कार्यशाला, प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना	4,00,000/-	5
	आरआरआरएलएफ ज्ञान कॉर्नर की स्थापना करना	9,36,022/-	9
	बाल पुस्तकालय और आरआरआरएलएफ बाल कॉर्नर की स्थापना करना	2,00,000/-	2
	आरआरआरएलएफ दिव्यांग कॉर्नर की स्थापना	1,75,000/-	1
2020-21	राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी, कार्यशाला, प्रशिक्षण और और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन	49,970/-	2
	आरआरआरएलएफ ज्ञान कॉर्नर की स्थापना करना	2,99,999/-	8
	पुस्तकालय फर्नीचर की खरीद और किताबों का भंडारण	1,34,45,588/-	2586
	आरआरआरएलएफ दिव्यांग कॉर्नर की स्थापना	7,00,000/-	2
2021-22	स्वैच्छिक संगठन द्वारा संचालित सार्वजनिक पुस्तकालय का विकास	66,323/-	1
	आरआरआरएलएफ ज्ञान कॉर्नर की स्थापना करना	7,01,591/-	7
	पुस्तकालय फर्नीचर की खरीद और किताबों का भंडारण	2,92,62,152/-	2898
	बाल पुस्तकालय और आरआरआरएलएफ बाल कॉर्नर की स्थापना करना	5,33,728/-	3
	आरआरआरएलएफ दिव्यांग कॉर्नर की स्थापना	8,69,311/-	5
2022-23	राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी, कार्यशाला, प्रशिक्षण और और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन-राष्ट्रीय संग्रहालय	13,17,500/-	12
	आरआरआरएलएफ ज्ञान कॉर्नर की स्थापना करना	2,45,175/-	3
2023-24	राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी, कार्यशाला, प्रशिक्षण और और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन-राष्ट्रीय संग्रहालय	6,22,500	7
	आरआरआरएलएफ ज्ञान कॉर्नर की स्थापना करना	48,812/-	1
	पुस्तकालय सेवाओं का आधुनिकीकरण	1,68,94,334/-	401
	पुस्तकालय फर्नीचर का प्रापण और पुस्तकों का भंडारण	1,02,96,132	668
	बाल पुस्तकालय और आरआरआरएलएफ बाल कॉर्नर की स्थापना करना	1,44,576/-	1

*****